दिन– शुक्रवार दिनांक– 27 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में निधन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।

02. राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी संवेदना जताई।

03. डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में सात दिन का राजकीय शोक। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज से उनतीस जनवरी तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में निधन हो गया। वे बानवे वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उन्हें नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के आपातकालीन वार्ड में रात करीब आठ बजे भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। एम्स बुलेटिन के अनुसार उन्हें रात नौ बजकर इक्यावन मिनट पर मृत घोषित कर दिया गया। वे कांग्रेस नेतृत्व वाली यू.पी.ए. सरकार में वर्ष दो हजार चार से दो हजार चौदह तक दो बार प्रधानमंत्री रहे। वे भारत के तेरहवें प्रधानमंत्री थे। इससे पहले वे उन्नीस सौ इक्यानवे से उन्नीस सौ छियानवे तक पी..वी. नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे। वित्त मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है। डॉ. सिंह ने वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार और वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में भी अपनी सेवा दी। इसके अलावा उन्होंने वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष पद पर भी कार्य किया।

आर्थिक सुधारों की एक व्यापक नीति शुरू करने में उनकी भूमिका को दुनियाभर में सराहा जाता है। वे राज्यसभा के तैंतीस साल तक सदस्य रहने के बाद इस साल

अप्रैल में संसद के उच्च सदन से सेवानिवृत्त हुए थे। प्रधानमंत्री के रूप में देशवासियों के नाम अपने अंतिम संदेश में मनमोहन सिंह ने कहा था कि उन्होंने अपनी पूरी क्षमता से राष्ट्र की सेवा की।

———बाईट———

डॉ. सिंह ने कहा था कि उन्हें यह विश्वास है कि भारत विश्व को आने वाले दिनों में एक नई राह दिखायेगा।

———बाईट———

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म छब्बीस सितम्बर उन्नीस सौ बत्तीस को अविभाजित भारत के पंजाब राज्य में हुआ था। उनके परिवार में पत्नी गुरुशरण कौर और तीन बेटियां हैं।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए सार्वजनिक कार्यालयों में अपनी विभिन्न भूमिकाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बताया, जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक के निधन पर शोक व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने वित्तमंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक भारत की आर्थिक नीति पर अपनी मजबूत छाप छोड़ी। उन्होंने संसद में डॉ. सिंह के व्यावहारिक हस्तक्षेप और प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उनके व्यापक प्रयासों की भी सराहना की। अपने शोक संदेश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने रिजर्व बैंक के गवर्नर से लेकर वित्तमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में देश के शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. सिंह के नेतृत्व, विनम्रता और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। अपने शोक संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारत ने एक

दूरदर्शी राजनेता, एक बेदाग छवि वाले ईमानदार नेता और अद्वितीय कद का अर्थशास्त्री खो दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में डॉ. सिंह का अपार योगदान भारत के इतिहास के पन्नों में हमेशा अंकित रहेगा। अपने संदेश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि डॉ. सिंह ने अपार बुद्धिमत्ता और ईमानदारी के साथ भारत का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह की विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने पूरे देश को प्रेरित किया।

---

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरलता, ईमानदारी और उत्कृष्ट आर्थिक नीतियों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शोक संदेश में डॉ. सिंह के निधन को भारत की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने डॉ. सिंह के निधन पर गहरी संवेदना जताई है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने दशकों तक हमारी अर्थव्यवस्था, देश की अभूतपूर्व प्रगति और विकास की ऐतिहासिक अध्यक्षता की। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार मनमोहन सिंह का जाना उनकी व्यक्तिगत क्षति है। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि हमने एक सच्चा देशभक्त, महान अर्थशास्त्री और सादगी का प्रतीक खो दिया है।

---

प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह का बिहार से खासा लगाव रहा था। वर्ष दो हजार चार से नौ के बीच उन्होंने बिहार में विकास कार्यों के लिए एक लाख चौवालीस हजार करोड़ रूपये की धनराशि दी थी। जो उस समय तक का एक रिकॉर्ड था। वर्ष दो हजार आठ की कोसी में आई बाढ़ को उन्होंने राष्ट्रीय आपदा घोषित किया था और राज्य के लिए एक हजार करोड़ रूपये का राहत पैकेज जारी किया था। साथ ही उन्होंनेएक लाख पच्चीस हजार टन खाद्यान्न बिहार भेजा था।

---

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। आज प्रस्तावित सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि अगले साल तीन लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। साथ ही दस लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रगति यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी और शिवहर में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने दस लाख सरकारी नौकरी देने के लक्ष्य को बढ़ाकर बारह लाख कर दिया है। इसमें से नौ लाख नौकरी दी जा चुकी है। वहीं, चौंतीस लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य के विरूद्ध चौबीस लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है।

---

उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि पटना, वैशाली, भोजपुर, बक्सर, समस्तीपुर और मधेपुरा जिले में छह नए पीपा पुल का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक सौ बाईस करोड़ तिरासी लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है। इन पुलों का निर्माण जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में होगा।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक नियुक्ति के तीसरे चरण के लिए हुई परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। उच्च माध्यमिक शिक्षकों के लिए हुई परीक्षा में बारह हजार नौ सौ साठ अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। तीसरे चरण के तहत चौबीस हजार से अधिक रिक्तियां निकाली गयी थीं। इसमें से लगभग पचास प्रतिशत सीटें रिक्त रह गयी हैं।

---

मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और अरवल जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में उनतीस

जनवरी तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी। कल पटना, गया, भागलपुर, कैमूर, रोहतास, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, बांका और जमुई समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी हिस्सों में बारिश की संभावना है। बारिश के बाद ठंड में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया गया है।

---

पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों के आंदोलन को भड़काने के आरोप में पुलिस ने रोहित कुमार नामक एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने दिल्ली से कुछ लोगों को लाकर प्रदर्शन में शामिल करवाया।

---

कैमूर जिले के हाटा बाजार में अवैध रूप से संचालित दो अल्ट्रासाउंड क्लिनिक को जिला प्रशासन ने सील कर दिया है। साथ ही दोनों क्लिनिक संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

गया के विष्णुपद थाना में तैनात एएसआई गुलशन कुमार को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – आर्थिक सुधारों के नायक का निधन। सात दिन का राष्ट्रीय शोक। राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं – खो गया अर्थव्यवस्था का विलक्षण वास्तुकार।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है, नये साल में तीन लाख नौकरियां देंगे।

**दैनिक जागरण** लिखता है – आगामी बजट में पंद्रह लाख रूपये सालाना कमाने वालों को आयकर में बड़ी राहत संभव।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है – रीगा चीनी मिल से उत्पादन शुरू। प्रगति यात्रा के तीसरे दिन सीएम नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन।

**आज** अखबार की सुर्खी है – निजी वाहनों में सरकारी नेम प्लेट लगाने पर होगी कार्रवाई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में निधन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।

02. राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी संवेदना जताई।

03. डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में सात दिन का राजकीय शोक। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

4. और, मौसम विभाग ने आज से उनतीस जनवरी तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।